# ऑनलाइन गोपनीयता वक्तव्य

| | |
|---|---|
| **डेटा नियन्त्रक** | **वेस्टर्न यूनियन इंटरनेशनल बैंक GmbH, यूके शाखा**<br><br>**कस्टम हाउस फाइनेंसियल (यूके) लिमिटेड** |

वेस्टर्न यूनियन बिज़नेस सोल्यूशंस (WUBS) वेस्टर्न यूनियन कंपनी का एक प्रभाग है।

यह गोपनीयता वक्तव्य इस बात को वर्णित करता है क WUBS किस प्रकार से आपकी व्यक्तिगत जानकारी को एकत्र और उपयोग करता है जिसे हम उस समय प्राप्त करते हैं जब आप हमारी वेवसाइट पर विजिट करते हैं या उसका उपयोग करते हैं या हम अन्यथा नामांकन करने या ऑनलाइन सेवाओं को प्रदान करने के संबंध में एकत्रित करते हैं। "व्यक्तिगत जानकारी" का अर्थ ऐसी समस्त जानकारी से होता है जो किसी पहचाने गए या पहचानने योग्य व्यक्ति से जुड़ी होती है।

**<u>हमारे द्वारा एकत्र की जाने वाली जानकारी:</u>**

जब आप हमारी वेबसाइट पर विजिट करते हैं, जब आप अपनी सेवाओं के लिए नामांकन करते हैं, जब आप हमारी ऑनलाइन या ऑफलाइन सेवाओं का उपयोग करते हैं या जब आप हमसे संपर्क करते हैं तो हम आपके बारे में व्यक्तिगत जानकारी को संकलित करते हैं। हम आपके साथ अपने रिश्ते के दौरान एकत्र या सृजित की गई अन्य जानकारी के साथ इस व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग कर सकते हैं। हम आपके संपर्क की जानकारी, हमारी सेवाओं के आपके उपयोग, किन्हीं भुगतानकर्ताओं या लाभार्थियों या आपके, और विपणन के चुनावों के विवरणों को एकत्रित करते हैं। इसके अतिरिक्त, हम आपके पास से निम्नलिखित तरीकों से व्यक्तिगत जानकारी को एकत्र करते हैं:

- ऑनलाइन प्रपत्रों, वफादारी एवं पुरस्कार कार्यक्रमों और हमारे द्वारा प्रदान की जाने वाली अन्य ऑनलाइन सेवाओं के जरिए (इनमें से कुछ का प्रबंधन हमारी तरफ से तीसरे पक्षों के द्वारा किया जाता है);
- ग्राहक सहायता, परामर्श, सीधी बातचीत, या अन्य संवाद प्रदान करते समय;
- अपनी सेवाओं को बनाए रखने और अपग्रेड करने की प्रक्रिया के जरिए;
- संचार प्रोटोकॉल, ई-मेल संचारों और कुकियों की तरह के उपायों के जरिए;
- हमारे मोबाइल अनुप्रयोगों के जरिए (इनमें से कुछ का प्रबंध हमारी ओर से तीसरे पक्षों के द्वारा किया जा सकता है);
- सोशल मीडिया या अन्य सार्वजनिक डेटा स्रोत के आपके उपयोग के जरिए;
- तृतीय पक्ष की साइटों पर रखे गए वेस्टर्न यूनियन के विज्ञापनों में आपकी रुचि के जरिए; और
- जब लेनदेन को शुरू करने या खाता सूचना सेवा प्रदाताओं या भुगतान शुरुआत सेवा प्रदाताओं की तरह के आपकी तरफ से खाते से जुड़ी सेवाओं को संपन्न करने क लिए लागू कानून के तहत अधिकृत तीसरे पक्षों के पास से हमें जानकारी प्रदान की जाती है।

जब आप हमारी वेबसाइटों, मोबाइल एप्प्स या ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग करते हैं, तो भी हम डोमेन और मेजबान के बारे में व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करते हैं, जिससे आप इंटरनेट, अपने कंप्यूटर के आईपी पते या डिवाइस की विज्ञापन करने वाली आईडी, मोबाइल डिवाइस की जियोलोकेशन, आपकी डिवाइस के बारे में जानकारी, (जैसे कि डिवाइस के गुण, सेटिंग्स, अनुप्रयोग, जमा जानकारी और उपयोग), ब्राउजर एवं परिचालन तंत्र सॉफ्टवेयर, लागू होने पर सामाजिक प्रोफाइल एवं

नेटवर्क की जानकारी, वह तारीख और समय जब आपने हमारी वेबसाइटों पर पहुँच प्राप्त की थी और उस साइट का पता जहाँ से आप हमारी वेबसाइट से जुड़े थे जब आपने हमें विजिट किया था। हम आपकी ऑनलाइन गतिविधि पर व्यक्तिगत जानकारी को एकत्र करते हैं जैसा कि नीचे **"कुकियाँ और इंटरनेट प्रौद्योगिकी"** शीर्षक वाले परिच्छेद में वर्णित किया गया है।

भुगतान या धन हस्तांतरण को संचालित करने, या हमारे साथ विदेशी मुद्रा संजात अनुबन्ध में प्रवेश करने के लिए और इस तरह से आपको क्लाइंट बनने में समर्थ बनाने के लिए, आपको लेनदेन को क्रियान्वित करने और अपनी सेवाओं को मुहैया कराने से जुड़े हमारे कानूनी दायित्वों का अनुपालन करने में हमें समर्थ बनाने के लिए आपको हमारे द्वारा मांगी जाने वाली कतिपय जानकारी को प्रदान करना होगा। अपनी कुछ व्यक्तिगत जानकारी को मुहैया कराने में विफल रहने पर आपको अपनी सेवाएं प्रदान करने की हमारी योग्यता प्रभावित हो सकती है। हमारी सेवाओं का उपयोग करने के लिए जब जानकारी की आवश्यकता पडेगी तो हम आपको सूचित करेंगे।

उस व्यक्तिगत जानकारी के अतिरिक्त जिसे हम आपके पास से एकत्र करते हैं, हम वेस्टर्न यूनियन या WUBS से संबद्ध कंपनियों या तीसरे पक्षों के पास से भी, जैसे कि वह व्यक्ति जिसके पास आप पैसा भेजते और/या प्राप्त करते हैं और इसके साथ-साथ हमारे एजेंटों, सेवा प्रदाताओं, व्यावसायिक भागीदारों, पहचान का सत्यापन करने वाली कंपनियों, भुगतान एवं धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन कंपनियों, विधि प्रवर्तन और विनियामक निकायों और वाणिज्यिक एवं सार्वजनिक डेटा स्रोतों से आपकी व्यक्तिगत जानकारी को एकत्र करते हैं। हम लाइसेंसशुदा जमा संदर्भ एजेंसी का उपयोग करके आप एवं आपके व्यवसाय की जमा संदर्भ जाँचों का भी आयोजन कर सकते हैं।

**वह जानकारी जिसे अन्य लोगों के बारे में आप हमें प्रदान करते हैं:** हमारी सेवाओं का उपयोग करके लोगों को भुगतान करने के लिए आपको हमें उस व्यक्ति या व्यवसाय के बारे में कतिपय जानकारी प्रदान करनी होगी, जिसे आप भुगतान करना चाहते हैं। कभी-कभी, हम आपको पैसों का भुगतान करने वाले किसी भी व्यक्ति के पास से सीधे भी जानकारी एकत्र करते हैं। सेवा प्रदान करने और हमारे कानूनी एवं विनियामक दायित्वों का अनुपालन करने के लिए हमारे लिए यह जानकारी आवश्यक है। कुछ जानकारी को प्रदान करने में विफलता से आपको और आपके भुगतानकर्ता या लाभार्थी को अपनी सेवाएं प्रदान करने की हमारी योग्यता प्रभावित होती है और अपनी सेवाओं को प्रदान करने के लिए जब जानकारी आवश्यक होगी तो हम आपको सूचित करेंगे। उस जानकारी के अतिरिक्त, जिसे आपने हमें प्रदान किया है, हम वाणिज्यिक एवं सार्वजनिक डेटा स्रोतों, विधि प्रवर्तन और विनियामक निकायों और सत्यापन, धोखाधड़ी एवं जोखिम प्रबन्धन कंपनियों के पास से भी सेवा प्रदान करने के अंग के रूप में जानकारी एकत्र करेंगे।

**<u>वे कानूनी आधार एवं वैध व्यावसायिक उद्देश्य जिनके लिए हम व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग करते हैं:</u>**

हम आपके द्वारा प्रदान की गई और उस जानकारी का उपयोग करते हैं जिसे हम निम्नलिखित कानूनी आधारों एवं वैध व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए अन्य लोगों के पास से एकत्र करते हैं:

**आपको हमारी सेवाएं प्रदान करना:** इसमें अनुबंध को संपन्न करने के लिए या धन हस्तांतरणों, भुगतान सेवा को संचालित करने या अन्य उत्पादों अथवा सेवाओं को सुपुर्द करने समेत आपके साथ अनुबंध में शामिल होने हेतु कदम उठाने के लिए आवश्यक जानकारी का उपयोग करना शामिल है।

**कानूनी और अनुपालन उद्देश्य:** इसमें अवैध धन वैधीकरण विरोधी और प्रति-आतंकवादी वित्तपोषण, संसूचन, धोखाधड़ी एवं चोरी के निवारण एवं अभियोजन के साथ-साथ हमारी सेवाओं के अवैध या निषिद्ध उपयोग को रोकने की तरह के कानूनी एवं

विनियामक कर्तव्यों का अनुपालन करने के लिए आपकी व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग करना शामिल है। इसमें कानूनी अधिकारों एवं दावों को स्थापित करना, उन पर अमल करना या उनका बचाव करना, अनुपालन मुद्दो की निगरानी और रिपोर्टिंग या कानूनी प्रक्रिया का उत्तर देना भी शामिल हो सकता है। इसके अतिरिक्त, इसमें आपकी पहचान को सत्यापित और प्रमाणित करने के लिए आपके विवरणों का उपयोग करना और ऐसा करने में सहायता करने के लिए तीसरे पक्षों का उपयोग करने के साथ-साथ जैसा क लागू कानून के तहत आवश्यक होता है, आपकी व्यक्तिगत जानकारी वाले रिकार्डों को बनाए रखना शामिल है।

**वैध व्यावसायिक उद्देश्य:** हम अपने उत्पादों, स्थानों, सेवाओं, परिचालन कार्य, अपनी वेबसाइटों के संचालन और आपके ग्राहक अनुभव को विश्लेषित करने एवं बेहतर बनाने के लिए आपकी व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग करते हैं। इसमें बाजार शोध सर्वेक्षणों को आयोजित करने के लिए आपकी जानकारी का उपयोग करना शामिल हो सकता है। हम ग्राहक सेवा प्रदान करने, अपनी सेवाओं को प्रदान करने के लिए आवश्यक अन्य प्रशासनिक कार्यों को संचालित करने, सुरक्षा, धोखाधड़ी और पहचान से जुड़े जोखिमों का प्रबंधन करने में मदद करने के लिए, और अपनी प्रौद्योगिकी, प्रणालियों और सेवाओं की सुरक्षा एवं सत्यनिष्ठा की रक्षा करने के लिए भी आपकी व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग करते हैं। विपणन को लक्ष्य बनाने और हमारे उत्पादों एवं सेवाओं को आपकी जरूरतों एवं आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने में सहायता करने के लिए विश्लेषण की रूपरेखा बनाने समेत हम उस जानकारी का विश्लेषण आयोजित करते हैं, जिसे हम अपने ग्राहकों को बेहतर ढंग से समझने के लिए अपने पास बनाए रखते हैं। हम आपके द्वारा प्रदान की गई व्यक्तिगत जानकारी को अन्य उत्पादों एवं सेवाओं और सुख-सुविधा की वस्तुओं और/या पुरस्कार कार्यक्रमों की जानकारी के साथ मिला देते हैं, जिसके लिए आप पंजीकृत हैं। इसके अलावा हम लाइसेंसशुदा जमा संदर्भ एजेंसी का उपयोग करके आप एवं आपके व्यवसाय के ऊपर जमा जाँचों का भी आयोजन कर सकते हैं। आपके विकल्पों के अधीन और आपके द्वारा प्रदान की गई संपर्क की जानकारी के आधार पर हम ईमेल, टेलीफोन, डाक, एसएमएस, सोशल मीडिया या अन्य संवाद चैनलों के द्वारा वाणिज्यिक संवादों या पेशकशों को भेजते हैं।

<u>**कुकियाँ और इंटरनेट प्रौद्योगिकी**</u>

हम नीचे उन उद्देश्यों समेत जिन्हें नीचे चिह्नित किया गया है, लेकिन उन्हीं तक सीमित नहीं, तरह-तरह के उद्देश्यों के लिए कुकियों और वेब बीकनों जैसी इंटरनेट प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हैं।

- आपको सेवाएं प्रदान करने में हमारी सहायता करने के लिए और इस वेबसाइट का उपयोग करके सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्राप्त करने में आपकी सहायता करने के लिए;
- अपने पासवर्ड को फिर से भरे बिना आपकी विजिट के दौरान आपको वेब पन्नों को बदलने देने के लिए;
- हमारी वेबसाइट पर गतिविधि का पता लगाने के लिए;
- यह निर्धारित करने के लिए क्या आप हमारी साइट पर बैनर विज्ञापन से या किसी संबद्ध वेबसाइट से आए हैं;
- अतिरिक्त वेबसाइटों पर आपके हितों से जुड़ी जानकारी को सुपर्द करने के लिए;
- हमारे प्रचारात्मक अभियानों की प्रभावशीलता को बेहतर ढंग से समझने के लिए और क्या आपने हमारे प्रचारात्मक संदेशों पर कार्रवाई की है या नहीं; या
- जब आप वेबसाइट पर विजिट करते हैं तो आपकी पहचान करने के लिए, आपके लिए वेबसाइट की विषयवस्तु को वैयक्तिक बनाने के लिए और लेनदेनों को क्रियान्वित करने और खाते की जानकारी तक पहुँच प्राप्त करने में आपकी सहायता करने के लिए।

WUBS ने उपयोगकर्ता के लिए हमारी वेबसाइट पर कुकियों का प्रबंधन करने के लिए क्षमता को क्रियान्वित किया है। हम केवल आपकी वरीयता स्तर के आधार पर कुकियों को रखेंगे या पढ़ेंगे, **(टिप्पणी: आपके वरीयता स्तर को बदलने से पहले स्थित की गई कुकियों को आपके कंप्यूटर पर बनाए रखा जाता है; उन्हें हटाने के लिए कृपया अपनी ब्राउजर सेटिंग्स या अपने ब्राउजर के "सहायता" प्रकार्य को देखें)**।अगर आपका ब्राउजर JavaScript का समर्थन नहीं करता तो आप हमारी साइटों पर प्रयुक्त कुकियों के बारे में पता लगा सकते हैं और केवल अपने वेब ब्राउजर की सेटिंग्स के जरिए हमारी साइटों पर कुकियों के उपयोग का प्रबंधन कर सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि अगर आप अपने ब्राउजर पर समस्त कुकियों को अक्षम कर देते हैं तो इससे इस साइट की खूबियाँ सीमित हो जाएंगी और आपके लेनदेन को पूरा करने की योग्यता पर असर पड़ सकता है।

**वेस्टर्न यूनियन बिज़नेस सोल्यूशंस किस प्रकार से कुकियों का उपयोग करता है इस पर अधिक जानकारी के लिए यहाँ क्लिक करें।**

**<u>बाहरी वेबसाइटें</u>**

WUBS की वेबसाइट तीसरे पक्ष की वेबसाइटों से या उनके पास से जुड़ी हुई हो सकती है। WUBS उन वेबसाइटों के द्वारा काम में लाई गई विषयवस्तु या गोपनीयता परिपाटियों के लिए जिम्मेदार नहीं है जो हमारी वेबसाइट से या उसके पास से जुड़ी हैं।

**<u>गोपनीयता और सुरक्षा</u>**

हम ऐसे भौतिक, तकनीकी, सांगठनिक और कार्यविधिक रक्षा-उपायों क बनाए रखते हैं, जिन्हें आपकी व्यक्तिगत जानकारी की रक्षा करने के लिए लागू सरकारी कानूनों और विनियमनों का अनुपालन करने के लिए तैयार किया गया है। इसके अलावा हम सामान्यतः व्यक्तिगत जानकारी तक पहुँच को अपने कर्मचारियों, एजेंटों और प्रतिनिधियों तक सीमित रखते है, जिन्हें इसे जानने की जरूरत होती है। हमारे प्रयासों के बावजूद, और जैसा कि आप संभवतः जानते हैं, तीसरे पक्ष हमें भेजे गए पारेषणों को गैरकानूनी तरीके से बीच में रोक सकते हैं या उन तक पहुँच प्राप्त कर सकते हैं या WUBS के रूप में खुद को पेश करते हुए गलत तरीके से अपने सामने व्यक्तिगत जानकारी को प्रकट करने के लिए आपको निर्देशित कर सकते हैं। इंटरनेट या मोबाइल प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते समय सदैव सावधानी और सुविचारित निर्णय का उपयोग करें। अधिक जानकारी के लिए **यहाँ क्लिक करें**।

**<u>आपकी जानकारी का प्रकटीकरण</u>**

अगर ऊपर सूचीबद्ध किसी भी उद्देश्य के लिए ऐसा करने की तर्कसंगत जरूरत है, तो हम निम्नलिखित प्रकार के संगठनों या पक्षों को आपके नाम, ग्राहक आईडी नंबर, पते, लेनदेन के पैटर्नों और बैंक खाता जानकारी समेत, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है, आपकी व्यक्तिगत जानकारी को प्रकट कर सकते हैं या उस तक पहुँच प्रदान कर सकते हैं:

- वेस्टर्न यूनियन इंटरनेशनल बैंक GmbH (ऑस्ट्रिया), वेस्टर्न यूनियन फाइनैंसियल सर्विसेस, इंक. (अमेरिका) और कस्टम हाउस फाइनैंसियल (यूके) लिमिटेड समेत लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं, वेस्टर्न यूनियन समूह की कंपनियाँ;
- हमारे एजेंट या व्यावसायिक साझीदार जो सेवा विशेष या आपके द्वारा अनुरोध किए गए धन हस्तांतरण के लेनदेन को सुगम बनाते हैं;

- हमें व्यावसायिक सेवाएं प्रदान करने के लिए अनुबंधित सेवा प्रदाता, भुगतान संसाधक, बैंकिंग साझीदार और डेटा संसाधक;
- आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारी की सटीकता को प्रमाणित करने में हमारी मदद करने के लिए अनुबंधित सेवा प्रदाता और डेटा संसाधक और इसमें आपकी पहचान को प्रमाणित करना एवं सुरक्षा, धोखाधड़ी, अवैध धन वैधीकरण और पहचान से जुड़े जोखिमों का प्रबंध करना शामिल है।
- ग्राहक सेवा मुहैया कराने, वाणिज्यिक संचार प्रदान करने या हमारी ओर से ग्राहक संतुष्टि शोध आयोजित करने समेत ऊपर वर्णित उद्देश्यों से जुड़ी हमें अन्य सेवाओं को मुहैया कराने से जुड़े सेवा प्रदाता, वेंडर या अन्य व्यावसायिक साझीदार।
- खाता जानकारी सेवा प्रदाताओं और भुगतान प्रारंभ सेवा प्रदाताओं की तरह की आपके लिए सेवाओं को संपन्न करने के लिए ऐसे तीसरे पक्ष जिन्हें आपने अपने खाते और/या अपने खाते की जानकारी तक पहुँच प्राप्त करने के लिए अधिकृत किया है।

इसके अलावा हम अनुपालन एवं कानूनी दायित्वों को पूरा करने या वेस्टर्न यूनियन या दूसरों के अधिकारों एवं हितों पर जोर देने या उनका बचाव करने के लिए आपकी व्यक्तिगत जानकारी को वैश्विक स्तर पर भी, जैसा कि लागू कानूनों, विनियमनों के द्वारा आवश्यक या अनुमत है, विनियामक एवं वित्तीय प्राधिकरणओं, विधि प्रवर्तन निकायों, अदालतों, सरकारों या सरकारी एजेंसियों को प्रकट कर सकते हैं। हम अपने व्यवसाय को पूरा या अंशों में बेचने या हस्तांतरित करने के संबंध में अपने पास की व्यक्तिगत जानकारी को पारेषित कर सकते हैं। क्या आप हमें देय भुगतानों, हमें चुकाए जाने वाले आपके किसी कर्ज का भुगतान कर रहे हैं इस बारे में, और एकबारगी या जारी आधार पर एक या अधिक लाइसेंसशुदा जमा संदर्भ एजेंसियों की किसी संदिग्ध या सत्यापित धोखाधड़ी के बारे में हम जानकारी को प्रकट कर सकते हैं।

**<u>अंतरराष्ट्रीय हस्तांतरण</u>**

हम अमेरिका समेत लेकिन इसी तक सीमित नहीं है, यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र (EEA) के बाहर के देशों में वेस्टर्न यूनियन समूह की कंपनियों या तीसरे पक्षों को आपकी जानकारी को हस्तांतरित करते हैं, जैसा कि लागू कानून, विनियामक प्राधिकरणों, विधि प्रवर्तन एवं सरकारी एजेंसियों के द्वारा आवश्यक या अनुमत होता है। इसके अतिरिक्त, जब आप किसी दूसरे देश को या वहाँ से पैसा भेजते या प्राप्त करते हैं तो हम उस देश को आपकी कुछ व्यक्तिगत जानकारी भेज सकते हैं जैसा कि कानूनन आवश्यक या अनुमत हो। हम आपके बारे में कतिपय व्यक्तिगत जानकारी को अमेरिका में डेटा केंद्रों को हस्तांतरित करते हैं और अपने उन कानूनी एवं अनुपालन दायित्वों की पूर्ति के लिए उसे संसाधित करते हैं जो हमारे द्वारा मुहैया कराई जाने वाली सेवाओं पर लागू होते हैं।

उन देशों में गोपनीयता कानून जहाँ पर व्यक्तिगत जानकारी हस्तांतरित की गई है, हो सकता ह कि उसी स्तर की डेटा सुरक्षा न प्रदान करें जैसा कि EEA के भीतर लागू है। अगर यह बात है तो EEA के बाहर हस्तांतरित व्यक्तिगत जानकारी की उपयुक्त संविदात्मक धाराओं, जैसा कि कानूनन आवश्यक है, समेत डेटा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हस्तांतरित करने के लिए EU द्वारा स्वीकृत तंत्रों के द्वारा सुरक्षा की जाएगी। आप हमसे संपर्क करें खंड में दिए गए संपर्क के विवरण का उपयोग करके इन तंत्रों को देखने के लिए संपर्क कर सकते हैं।

**<u>विकल्प और बाहर निकलना</u>**

आपके विकल्पों के अधीन और आपके द्वारा प्रदान की गई संपर्क की जानकारी के आधार पर हम आपको अपने एवं तीसरे पक्षों के उत्पादों एवं सेवाओं के बारे में वाणिज्यिक संचार भेज सकते हैं, जिसमें ईमेल, टेलीफोन, डाक, एसएमएस, सोशल मीडिया और अन्य संवाद या डिजिटल चैनल शामिल हो सकते हैं। आप किसी भी समय विपणन संचार को पाने से बाहर निकलने का चुनाव कर सकते हैं। हमारे द्वारा भेजे जाने वाले विपणन संचारों में सामान्यतया बाहर निकलने के विकल्प होते हैं और इसके अलावा आप हमसे संपर्क करके बाहर निकल सकते हैं, जैसा कि नीचे वर्णित किया गया है। कृपया ध्यान दें कि अगर आप अपनी सहमति को वापस लेने का चुनाव करते हैं तो हो सकता है कि आप हमारे कार्यक्रमों, सेवाओं और पहलों में भाग लेने या उससे लाभ उठाने में सक्षम न रह पाएं जिसके लिए आपने सहमति प्रदान की है।

**<u>व्यक्तिगत सूचना का प्रतिधारण</u>**

आपकी व्यक्तिगत जानकारी वित्तीय लेनदेनों पर लागू विनियमनों में समाहित, जिसमें अवैध धन वैधीकरण विरोधी, आतंकवादी विरोधी वित्तपोषण की जानकारी और हमारे ऊपर लागू अन्य कानून शामिल हैं, वैधानिक अवधियों के अनुरूप प्रतिधारित की जाएगी। अन्यथा, हम आपकी जानकारी को केवल उस समय तक, जब तक उन विशिष्ट उद्देश्यों के लिए आवश्यक होगा जिनके लिए इसे एकत्र किया गया था, या आपके द्वारा उठाए जा सकने वाले किसी प्रश्न का समाधान करने के लिए, बनाए रखेंगे। सामान्य नियम के रूप में, हम प्रातिनिधिक रूप से किए गए लेनदेन के बाद अधिकतम 10 वर्षों तक आपकी जानकारी को बनाए रखते हैं बशर्ते कि हमारे पास इसे अधिक अवधि तक बनाए रखने के लिए कानूनी बाध्यता न हो।

**<u>आपके अधिकार</u>**

आपको अधिकार है कि यह जानें कि क्या हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को संसाधित कर रहे हैं और अपनी जानकारी की प्रति निःशुल्क देने के लिए कहें। आपके पास अपने द्वारा हमें प्रदान की गई कतिपय जानकारी की संरचित एवं मशीन के पढ़ने योग्य प्रति का अनुरोध करने का अधिकार है। हम जानकारी प्रदान करने के लिए आपसे वाजिब शुल्क वसूल सकते हैं या हो सकता है कि हम अनुरोध पर कार्रवाई न करें यदि अनुरोध स्पष्ट रूप से निराधार या अत्यधिक पाया जाता है। आपके पास विपणन संचारों को आपके पास भेजने से हमे रोकने का अधिकार है। आपके पास अपने बारे में उस जानकारी को सही करने के लिए कहने का अधिकार है जो कि अपूर्ण, गलत या पुरानी है। आपके पास अपने बारे में कतिपय जानकारी को मिटाने, अपनी जानकारी के कतिपय उपयोगों को सीमित करने और इसके अलावा उसके कतिपय उपयोगों पर आपत्ति करने के लिए कहने का भी अधिकार है। इसके अलावा आपके पास व्यक्तिगत जानकारी के हमारे संसाधन के बारे में निगरानी प्राधिकरण के पास शिकायत दर्ज कराने का भी अधिकार है। जब हम अनुरोध प्राप्त करते हैं, तब हम आपकी पहचान की पुष्टि करने के लिए आपसे अतिरिक्त जानकारी माँग सकते हैं।

इन अधिकारों को अमल में लाने के लिए, कृपया निम्नलिखित माध्यमों के जरिए WUBS से संपर्क करें:

<u>ऑनलाइन सेवा ग्राहक:</u>

**ईमेल:** [online@westernunion.com](mailto:online@westernunion.com)

**देश में: 0808 234 3943**

**बाहर से: +1 732 694 2257**

<u>कार्पोरेट एव□ व्यक्तिगत भुगतान ग्राहक:</u>

**ईमेल – [wubsprivacy@westernunion.com](mailto:wubsprivacy@westernunion.com)**

<u>डाक के द्वारा:</u>

ग्राहक सेवा
Western Union Business Solutions
Worldwide House, Thorpe Wood, Peterborough, Cambs, PE3 6SB

या हमारी वेबसाइट के **हमसे संपर्क करें** खंड का उपयोग करके। हम एक महीने के भीतर आपके अनुरोध का उत्तर देने का प्रयास करेंगे लेकिन कतिपय परिस्थितियों में इस अवधि को विस्तारित करने के हकदार हो सकते हैं। हम लागू कानून के द्वारा आवश्यक हद तक आपके अनुरोध का पालन करेंगे।

अगर आपके पास आपके द्वारा किए गए अनुरोध पर WUBS द्वारा दिए गए उत्तर के बारे में या इस बारे में कोई पूछताछ या शिकायत है कि हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का प्रबंध किस प्रकार करते हैं तो हम मांग करते हैं कि आप अपना संदेश लिखित में रखें। हम आपकी शिकायत की छानबीन करेंगे और सामान्यतः प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर लिखित में उत्तर देंगे।

इसके अलावा आप:

Unit 9 Richview Office Park
Clonskeagh
Dublin 14
Ireland
पर [wubsprivacy@westernunion.com](mailto:wubsprivacy@westernunion.com)के द्वारा हमारे डेटा सुरक्षा अधिकारी से भी संपर्क कर सकते हैं।

## परिवर्तन

WUBS इस गोपनीयता कथन को संशोधित करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है। संशोधनों के होने पर अद्यतित गोपनीयता वक्तव्यों को इस वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा। अगर हम गोपनीयता वक्तव्य में होने वाले परिवर्तनों के बारे में आपको सूचित करने के लिए अनुबंधात्मक रूप से प्रतिबद्ध हैं, तो हम ऐसा इस तरह के परिवर्तनों के वाजिब समय के भीतर करेंगे। जब आप सर्वाधिक वर्तमान वक्तव्य को प्राप्त करने के लिए विजिट करते हैं तो हम आपसे इस गोपनीयता वक्तव्य की समीक्षा करने का आग्रह करते हैं।